# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय
## हरदीबाजार,जिला-कोरबा (छ.ग.)

NAACद्वारा बी ग्रेड प्राप्त

Email-gbvphardibazar@gmail.com,Web.-ggbc.ac.in, विशिष्ट कोड–3109,Contact No. 7987342256


क्रमांक-759 /2026 हरदीबाजार, दिनांक27 /08/2026

## //अतिथि व्याख्याता हेतु संशोधित विज्ञापन//

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग) के पत्र क्रमांक ESTB-20235/637/2026-RAJPATRIT STHAPANA नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 18.08.2026 के पत्रानुसार एवं अतिथि व्याख्याता नीति 2024 (यथा संशोधित 2026) में दिये गये निर्देशों के अनुरूप महाविद्यालय में रिक्त सहायक प्राध्यापक के विरूद्ध अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवार दिनांक 04.09.2026 सायं 05:30 बजे तक रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं महाविद्यालय में उपस्थित होकर महाविद्यालय कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र जमा कर सकते है। ईमेल में कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। संपूर्ण योग्यता तथा चयन प्रक्रिया अतिथि व्याख्याता नीति 2024 (यथा संशोधित 2026) के अनुसार होगी। अतिथि व्याख्याता नीति 2024 (यथा संशोधित 2026) का अवलोकन महाविद्यालय के वेबसाईट www.ggbc.ac.in से किया जा सकता है। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है।

**विषय/पदों का विवरण :–**

| क्रमांक | विषय | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| | | सहायक प्राध्यापक पद के विरूद्ध |
| 1. | भौतिकशास्त्र | 01 |
| 2. | भूगर्भशास्त्र | 02 |
| | **योग** | **03** |

सामान्य शर्ते :–

1. अतिथि व्याख्याता को चयनित होने के पश्चात् कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें कोई अपराधिक प्रकरण दर्ज नही होना तथा किसी अन्य संस्था/महाविद्यालय में अध्यापन न करने का वचन एवं अन्य।
2. चयन प्रक्रिया अतिथि व्याख्याता नीति–2024 (यथा संशोधित 2026) के परिपालन में किया जायेगा तथा मानदेय भी उसी के अनुसार निर्धारित किया जायेगा।
3. आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं महाविद्यालय में उपस्थित होकर महाविद्यालय कार्यालयीन समय पर दिनांक 04.09.2026 तक प्राप्त किये जायेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर अतिथि व्याख्याता (विषय–भौतिकशास्त्र/भूगर्भशास्त्र) हेतु आवेदन अनिवार्य रूप से लिखें।
5. चयन होने पर नियुक्ति के समय आवेदक को समस्त प्रमाण–पत्रों की स्व प्रमाणित प्रतिलिपि तथा मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. नियुक्ति के संबंध में प्राचार्य एवं अतिथि व्याख्याता चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।
7. छात्र–छात्राओं की पंजीकृत संख्या के आधार पर पदों की संख्या परिवर्तनीय है।

(प्राचार्य)

प्राचार्य
शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय
हरदीबाजार, जिला - कोरबा (छ.ग.)

पृ.क्र.        /2026                                                    हरदीबाजार, दिनांक–

**प्रतिलिपिः–**

1. आयुक्त, कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग बिलासपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
3. प्राचार्य, शास.इं.वि.स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय कोरबा (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
4. समस्त प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु।
5. महाविद्यालय ऑनलाईन प्रभारी को महाविद्यालय के वेबसाईट में सूचना प्रकाशित करने हेतु।
6. स्थापना/लेखा प्रभारी, शास. ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार,कोरबा (छ.ग.)।

Vaishnav

(प्राचार्य)

प्राचार्य
शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय
हरदीबाजार, जिला - कोरबा (छ.ग.)